पंजीयन क्रमांक 01/01/01/38865

॥ नमामि मातु नर्मदे ॥

# शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश

(स्कूल शिक्षा सेवा)

# SHASKIYA SHIKSHAK SANGTHAN MADHYAPRADESH

(SCHOOL SHIKSHA SEVA)

राकेश दुबे
प्रांताध्यक्ष

Mob.: 9893600170, 6267492251, email : rakeshdubey1508@gmail.com

संगठन का उद्देश्य-म.प्र. में शिक्षा-शिक्षार्थी-शिक्षालय और शिक्षक का सर्वांगीण विकास (जय माँ भारती-जय मध्यप्रदेश)



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपेन्द्र कौशल | आरिफ अंजुम | संजीव त्रिपाठी | भरत गोयल | उमेश सोनी | जितेन्द्र शाक्य |
| कार्या.प्रांताध्यक्ष | प्रांतीय संयोजक | प्रांतीय सचिव | कोषाध्यक्ष | प्रमुख महामंत्री | प्रांतीय महासचिव |
| मोबा. 9827532410 | मोबा. 9425628786 | मोबा. 9644725676 | मोबा.9826938659 | मोबा.9826929036 | मोबा. 9827208233 |



क्रमांक /SSS/1157 दिनांक 06/03/24

प्रति,

1- माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन
2- श्रीमान स्कूल शिक्षामंत्री,मध्यप्रदेश शासन
3- श्रीमान अध्यक्ष / सचिव, बाल संरक्षण आयोग मध्यप्रदेश
4- श्रीमान प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा वल्लभ भवन भोपाल
5- श्रीमान आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल
6- श्रीमान कलेक्टर, जिला सीहोर मध्यप्रदेश

विषय:- वार्षिक परीक्षा के समय शिक्षकों को परीक्षा छोडकर गैर शिक्षकीय कार्य ( पुलिस सहायता / खोया-पाया केन्द्र ) हेतु कार्यमुक्त किए जाने की निंदा एवं शिकायत।

संदर्भ:-कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर का पत्र क्रमांक / 348/सामान्य/विविध/2024 सीहोर दिनांक 05/03/2024।

माननीय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में निवेदन है कि वर्तमान में जबकि मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं, शिक्षकों के वर्ष भर की मेहनत का मूल्यांकन हो रहा है, छात्रों का मनोबल एवं भविष्य दांव पर लगा है, ऐसे समय में जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर संदर्भित पत्र के माध्यम से सीहोर जिले के शिक्षकों को 9 दिनों के लिए ( 13/03/2024 तक ) सीहोर तहसील में आयोजित धार्मिक आयोजन में ड्यूटी देने हेतु गैर शिक्षकीय कार्य ( पुलिस सहायता / खोया-पाया केन्द्र ) में संलग्न कर उनके विद्यालयों से कार्यमुक्त कर चुके हैं । इस आदेश के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर ने अपर जिला दण्डाधिकारी जिला सीहोर के पत्र क्रमांक 392 दिनांक 04/03/2024 का हवाला दिया है।

माननीय मैं स्वयं एवं मेरा संगठन ईश्वर एवं धार्मिक आयोजनों के प्रति पूर्णतः आस्थावान हैं, हम आप सभी ईश्वरवादी लोग हैं, परन्तु धार्मिक आयोजनों में सेवा के नाम पर शिक्षकों के साथ इस तरीके का भद्दा मजाक विगत कुछ वर्षों से लगातार किया जाता रहा है। कभी जूते-चप्पल इकट्ठा करने में ड्यूटी, कभी पूडी-सब्जी बांटने में ड्यूटी, कभी नाकों पर ड्यूटी और अब पुलिस बल के साथ ड्यूटी, वो भी तब जबकि वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं।

निरंतर 02

पत्राचार : ''इंद्रालय'' EWS-1 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, विश्राम बाबा, कलेक्ट्रट के सामने, कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.) 483501

CamScanner
CamScanner

पंजीयन क्रमांक 01/01/01/38865

॥ नमामि मातु नर्मदे ॥

# शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश

(स्कूल शिक्षा सेवा)

## SHASKIYA SHIKSHAK SANGTHAN MADHYAPRADESH

(SCHOOL SHIKSHA SEVA)

राकेश दुबे
प्रांताध्यक्ष

Mob.: 9893600170, 6267492251, email : rakeshdubey1508@gmail.com

संगठन का उद्देश्य-म.प्र. में शिक्षा-शिक्षार्थी-शिक्षालय और शिक्षक का सर्वांगीण विकास (जय माँ भारती-जय मध्यप्रदेश)

| उपेन्द्र कौशल | आरिफ अंजुम | संजीव त्रिपाठी | भरत गोयल | उमेश सोनी | जितेन्द्र शाक्य |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्या.प्रांताध्यक्ष | प्रांतीय संयोजक | प्रांतीय सचिव | कोषाध्यक्ष | प्रमुख महामंत्री | प्रांतीय महासचिव |
| मोबा. 9827532410 | मोबा. 9425628786 | मोबा. 9644725676 | मोबा.9826938659 | मोबा.9826929036 | मोबा. 9827208233 |

क्रमांक / SSS / 1157 दिनांक ......................



माननीय मेरा आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि उक्त संदर्भित आदेश को तत्काल निरस्त किया जावे एवं शिक्षकों के स्वाभिमान और बच्चों के भविष्य से खिलवाड करते हुए इस तरह का शिक्षक गरिमा के विपरीत आदेश करने वाले जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर को तत्काल निलंबित कर इनके विरूद्व विभागीय जांच संस्थापित कराई जाए , साथ ही राजस्व अथवा अन्य विभाग के उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्यवाही की जावे, जिसने जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर को इस तरह से शिक्षकों की भावनाओं एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड करने के लिए निर्देशित किया है।

माननीय इन गैर जिम्मेदाराना हरकत वाले अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही न होने पर शासकीय शिक्षक संगठन के साथ-साथ समूचा शिक्षक संवर्ग लामबंद होकर आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।

सादर

भवदीय
06/03/24

राकेश दुबे
प्रान्ताध्यक्ष
शासकीय शिक्षक संगठन

पत्राचार : ''इंद्रालय'' EWS-1 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, विश्राम बाबा, कलेक्ट्रट के सामने, कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.) 483501

CamScanner

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी,जिला-सीहोर

आ.क्रं./ 348 /सामान्य /विविध/2024 सीहोर,दिनांक 05/03/2024

प्रति,

संकुल प्राचार्य

शासकीय उमावि/हाईस्कूल.........................................सीहोर

विषयः–थाना मंडी अंतर्गत पुलिस सहायता केन्द्र में कार्य करने के संबंध में।

संदर्भः– अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला सीहोर का पत्र क्रमांक/392/एस डब्ल्यू/2024 सीहोर दिनांक 04.03.24।

—00—

उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुक्रम में दिनांक 05.03.2023 से सीहोर जिले की तहसील सीहोर एवं थाना मंडी सीहोर अंतर्गत कुबरेश्वर धाम ग्राम चितावलिया हेमा में विट्ठलेश सेवा समिति द्वारा शिवमहापुराण कथा एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जो दिनांक 13.03.2024 तक जारी रहेगा। अतः उक्त आयोजन के दौरान निम्नानुसार स्थलों पर पुलिस सहायता/खोया पाया केन्द्र (पी.ए.सिस्टम) स्थापित किये गये है।

| क्र | कर्मचारी का नाम | कार्यालय/संस्था | मो0नं0 | पुलिस सहायता केन्द्र का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1–श्री शिवचरण सगवालिया, प्रा शि,<br>2–श्री सिल्वर साई भगत,प्रा.शि, | शा प्राथमिक शाला चिताडिया लाखा<br>शा माध्यमिक शाला भीलखेड़ी | 9893188437<br>9826736356 | पुलिस सहायता केन्द्र क्र.01, (आई.सी.यू के पास) |
| 2 | 1–श्री महेश प्रसाद केलिया,प्राशि,<br>2–श्री कैलाश चन्द्र मालवीय,प्रा.शि,<br>3–श्री कालूराम, प्रा.शि, | शा प्राथमिक शाला नापलाखेडी<br>शा प्राथमिक शाला चितोडिया हेमा<br>शा प्रा शाला इन्द्रानगर सोंडा | 9977850734<br>9200444650<br>7000312708 | पुलिस सहायता केन्द्र क्र.02, (मंदिर गेट क्र.1 के पास ) |
| 3 | 1–श्री श्रीराम कुलखंडिया, मा शि,<br>2–श्री रूप सिंह वर्मा, प्रा.शि,<br>3–श्री ओ पी बिजावत | शा मा शाला मानाखेडी<br>शा प्रा शाला दीदाखेडी<br>शा प्रा शाला छापरी बरामद | 9009221573<br>9617379584<br>9907038771 | पुलिस सहायता केन्द्र क्र.03, ( मुख्य प्रवेश द्वार हाईवे ) |
| 4 | 1–श्री नर्मदा प्रसाद नागेश, शिक्षक,<br>2–श्री कन्नू मालवीय, प्रा.शि, | शा मा शाला गुडभेला<br>शा प्राथमिक शाला चितोडिया वन | 9893731560<br>9827228964 | पुलिस सहायता केन्द्र क्र.04, ( कथा पंडाल के आगे ) |
| 5 | 1–श्री रमेश चन्द्र सरोज, मा.शि,<br>2–श्री अर्जून जलोदिया, मा शि, | शा मा शाला मुल्लानी<br>शा मा शाला मुल्लानी | 9200335762<br>7898850450 | क्रिसेंट चौराहा (पी.ए.सिस्टम केन्द्र ) |

संबंधित कर्मचारी को आज दिनांक 06.03.2024 को कार्यमुक्त करते हुए निर्देशित करें की वे अपनी उपस्थिति निर्धारित स्थल पर देवें तथा अनुविभागीय अधिकारी श्री तन्मय वर्मा से मो.नंबर 7587977124 पर संपर्क स्थापित कर दिये गये दायित्वों का निर्वहन करें।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सीहोर

पृ.क्रमांक./ 349 /सामान्य /विविध/2024 सीहोर,दिनांक 05/03/2024

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ

1–कलेक्टर ,जिला–सीहोर ।

3–मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ,जिला–सीहोर ।

4–अपर कलेक्टर जिला सीहोर सूचनार्थ।

5–जिला परियोजना समन्वयक आवश्यक कार्यवाही हेतु।

6–विकासखंड शिक्षा अधिकारी,सीहोर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7–बी आर सी सी सीहोर संबंधित को कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतु सूचना आज ही प्रदान करें।

8–संबंधित श्री...................................................................... पालनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सीहोर

CamScanner